# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 25.07.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कुछ ही देर में देवघर में श्रावणी मेला की तैयारियों की करेंगे समीक्षा, राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने संपूर्ण मेला क्षेत्र का किया स्थलीय निरीक्षण।

2. राज्य में सहकारिता के विस्तार को लेकर मुख्य सचिव की बैठक; पैक्स कंप्यूटरीकरण और अन्न भंडारण योजना सहित 15 एजेंडों पर लगी मुहर।

3. राज्य में अब तक 17 लाख 56 हजार अयोग्य और दो लाख से अधिक डुप्लीकेट वोटर्स की हुई पहचान, सीईओ ने कहा– सूची को शत–प्रतिशत त्रुटिहीन बनाने के लिए आयोग प्रतिबद्ध।

4. सरायकेला–खरसावां निवासी आशीष कुमार दास अग्रणी आईटी कंपनी इंफोसिस के अगले सीईओ नियुक्त, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी बधाई।

5. मौसम विभाग ने राज्य में मॉनसून की रफ्तार तेज होने का जताया अनुमान, आज रांची, जमशेदपुर और बोकारो समेत कई जिलों के लिए यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी।

***************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद देवघर में राजकीय श्रावणी मेला 2026 की सुरक्षा, यातायात और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सभी संबंधित विभागों के स्टेक होल्डर्स और जिला प्रशासन के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इसी सिलसिले में राज्य के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आज सुबह ही संपूर्ण मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी के साथ विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख–समृद्धि की कामना की।

***************************

मुख्य सचिव अविनाश कुमार की अध्यक्षता में राज्य सहकारी विकास समिति की चौथी बैठक में पैक्स के कम्प्यूटरीकरण, विकेन्द्रीकृत अन्न भंडारण, और 240 एमपीसीएस में डिपॉजिट मोबिलाइजेशन योजना सहित कुल 15 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने इन विकास परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध अनुपालन के निर्देश दिए।

***************************

राज्य में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण यानी एसआईआर के अंतिम चरण के तहत निर्वाचन आयोग ने राज्य भर से कुल 17 लाख 56 हजार अयोग्य मतदाताओं की पहचान की गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में 2 लाख से अधिक डुप्लीकेट मतदाताओं की भी पहचान हुई है। उन्होंने कहा कि सूची को शत–प्रतिशत त्रुटिहीन बनाने के लिए आयोग प्रतिबद्ध है।

***************************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जेपीएससी के निवर्तमान अध्यक्ष एल. ख्यांगते की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि सीआईडी द्वारा परीक्षा एजेंसी के आठ कर्मियों की गिरफ्तारी के बाद अब आयोग के शीर्ष अधिकारियों पर सीधी कार्रवाई होनी चाहिए।

***************************

सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर अंतर्गत कृष्णापुर गांव के रहने वाले आशीष कुमार दास को देश की अग्रणी आईटी कंपनी इंफोसिस का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है, जो 1 अप्रैल 2027 से पांच वर्षों के लिए यह कार्यभार संभालेंगे। उनकी इस ऐतिहासिक वैश्विक उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बधाई देते हुए दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक में उनके साथ हुई मुलाकात

को याद किया, जहां झारखंड के खनन क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और युवाओं के तकनीकी कौशल विकास पर सार्थक चर्चा हुई थी।

**************************

सरायकेला–खरसावां के चांडिल डैम विस्थापितों के पुनर्वास और मुआवजे को लेकर आदित्यपुर में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने परियोजना प्रशासक राजीव रंजन को 19 सूत्री मांगपत्र सौंपा है। पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी होने तक चांडिल डैम के जलस्तर को आरएल–180 मीटर तक ही सीमित रखने और प्रभावित युवाओं को रोजगार देने की पुरजोर मांग की।

इस दौरान निर्णय लिया गया कि लंबित मुआवजा मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

**************************

घुरती रथ यात्रा के अवसर पर आज, नौ दिनों बाद भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा अपनी मौसी बाड़ी से मुख्य मंदिर लौटेंगे। रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर में इस पावन अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। वहीं शाम को होने वाली इस वापसी यात्रा और भव्य मेले में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

**************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख चौंतीस हजार छह सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख तीस हजार रूपये प्रति किलो है।

**************************

राज्य में इस वर्ष अल नीनो का प्रभाव बेअसर साबित हुआ है और जुलाई महीने में हुई अच्छी बारिश ने राज्य में कृषि और मौसम की स्थिति को बदल दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि जुलाई के दूसरे पखवाड़े में मॉनसून के रफ्तार पकड़ने से राज्य में बारिश की कमी का ग्राफ तेजी से गिरा है, जिससे सुखाड़ की आशंका कम हुई है और किसानों ने खेतों में धान की रोपनी तेज कर दी है।

**************************

इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने राज्य में आज से मॉनसून की रफ्तार तेज होने का पूर्वानुमान जारी करते हुए राजधानी रांची, जमशेदपुर और बोकारो सहित कई जिलों के लिए भारी बारिश, वज्रपात और 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 28 जुलाई तक राज्य. के कई हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है।

**************************

राज्य के स्थानीय क्रिकेटरों को एक बड़ा मंच मिलने जा रहा है। आगामी 22 सितंबर से चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर आईपीएल और झारखंड टी–20 लीग की तर्ज पर भव्य पश्चिमी सिंहभूम टी–20 लीग का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल संचालन के लिए पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह और स्टेक स्पोर्ट्स जी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पीयूष आनंद के बीच अगले तीन वर्षों के लिए एकरारनामा पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस लीग में कुल छह फ्रेंचाइजी टीमेंकृचाईबासा चौलेंजर्स, सारंडा स्ट्राइकर, जगन्नाथपुर टाइगर्स, किरीबुरु ब्लास्टर्स, चक्रधरपुर रॉयल्स और नोवामुंडी टाइटंस हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 10 लाख रुपये तथा उपविजेता को 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

**********समाप्त***************